# प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 21.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

......................

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
- केन्द्रीय मंत्री श्री पद यशो नाइक ने कहा–बिजली क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सभी पक्षों का सामूहिक प्रयास जरूरी।
- आरएएस प्री–2024 का परिणाम जारी–21 हजार 539 अभ्यर्थी सफल घोषित।
- आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया।

......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में, स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप – सोल नेतृत्व सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन में मुख्य संभाषण भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग तोगबे का होगा। दो दिन के इस सम्मेलन में राजनीति, खेल, कला, मीडिया, आध्यात्म, लोकनीति, व्यापार और सामाजिक क्षेत्र से जुडी हस्तियां अपनी सफलता की गाथा साझा करेंगी।

......................

विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने कल नई दिल्ली में उत्तर क्षेत्रीय बैठक की अध्यक्षता की। इसमें राजस्थान सहित दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर विद्युत राज्य मंत्री श्रीपद यशो नाइक ने कहा कि देश में बिजली क्षेत्र के समग्र विकास के लिए ज़रूरी है कि बिजली वितरण कंपनियों की आर्थिक स्थिति अच्छी रहे। उन्होंने कहा कि बिजली–चालित वाहनों, डेटा सेंटर, नवीकरणीय ऊर्जा, बैटरी

भंडारण, साइबर सुरक्षा और पंप स्टोरेज जैसे नए क्षेत्रों में बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए सभी पक्षों का सामूहिक प्रयास ज़रुरी है।

.......................

विधानसभा में आज भी राज्य बजट 2025–26 पर चर्चा जारी रहेगी। इसके साथ ही कई ध्यानाकर्षण प्रस्ताव और अधिसूचनाएं सदन के पटल पर रखी जायेगी। उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दीया कुमारी वित्त विभाग की 41 अधिसूचनाएं प्रस्तुत करेंगी। ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. का 24वां वार्षिक प्रतिवेदन 2023–24 सदन के पटल पर रखेंगे। इसके साथ ही आज सदन में तीन याचिकाओं का उपस्थापन भी किया जायेगा।

.......................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा तथा बूंदी जिले में संचालित योजनाओं, विकास कार्यक्रमों, बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन तथा प्रगति की समीक्षा की। श्री बिरला ने कोटा में आयोजित बैठक में अधिकारियों को बेहतर तालमेल के साथ योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाकर राहत देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत स्वीकृत कार्यों तथा उपलब्ध करवाए जा रहे रोजगार के बारे में भी जानकारी ली। लोकसभा अध्यक्ष ने सांसद और विधायक कोष से स्वीकृत कार्य समयबद्ध रूप से पूरे करने के भी निर्देश दिए।

.......................

राजधानी जयपुर में ट्रेफिक जाम सहित अन्य अपराधों का कारण बन रहे नियम विरूद्ध वाहनों के खिलाफ आज से ऑपरेशन वज्र चलाया जायेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस अभियान में बिना वैद्य लाईसेंस और परमिट के चल रही कारें और ई–रिक्शा पर कार्रवाई की जायेगी। इसके साथ ही मोडिफाईड और तेज रफ्तार से दौड रहे वाहनों पर भी कार्रवाई होगी।

.......................

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आरएएस प्रारंभिक परीक्षा–2024 का परिणाम जारी कर दिया है। 21 हजार 539 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए अस्थाई रूप से सफल घोषित किए गए हैं। आयोग सचिव ने

बताया कि इससे जुडी सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ये परीक्षा 2 फरवरी को आयोजित की गई थी। सचिव ने बताया कि न्यायालय में याचिका विचाराधीन होने के कारण 2 अभ्यर्थियों का परिणाम सीलड कवर में रखा गया है। मुख्य परीक्षा के लिए अस्थाई रूप से सफल अभ्यर्थियों में से कोई अभ्यर्थी विज्ञापन या नियमों के अनुसार निर्धारित पात्रता की शर्ते पूरा नहीं करता है तो आयोग की ओर से उसकी पात्रता निरस्त कर दी जायेगी। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि मुख्य परीक्षा का आयोजन 17 और 18 जून 2025 को किया जाना प्रस्तावित है।

.......................

एसआई भर्ती–2021 पेपर लीक मामले में राज्य सरकार आज उच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखेगी। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने कल इस संबंध में सुनवाई कर सरकार को आज का समय दिया है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने अदालत को बताया कि भर्ती रद्द करने के संबंध में 4 महीने में निर्णय कर लिया जाएगा। इस दौरान किसी को फील्ड पोस्टिंग नहीं दी जाएगी और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही एएजी ने अदालत से याचिका को निस्तारित करने की गुहार की। इस पर अदालत ने कहा कि सरकार दो–तीन महीने का समय ले सकती है, लेकिन याचिका निस्तारित नहीं की जाएगी और इसे मेरिट पर ही तय किया जाएगा।

.......................

भरतपुर में चल रहा संभाग स्तरीय ब्रज उद्योग हस्तशिल्प और स्वयं सिद्धा मेला इन दिनों परवान पर है। मेले में राज्य के अलावा विभिन्न जिलों के उद्यमियों ने स्वदेशी उत्पाद की स्टॉल्स लगाई है।

.......................

रेलवे ने महाकुंभ के अंतिम सप्ताह के दौरान यात्रियों की भीड़ को प्रबंधित करने की तैयारियां की हैं। इसके लिए कई स्टेशनों पर प्लेटफार्मों के बाहर होल्डिंग क्षेत्र बनाए गए हैं, जहां से यात्रियों की आवाजाही को नियंत्रित किया जाएगा। यात्रियों को रेलगाड़ियों के

निर्धारित प्रस्थान समय के अनुसार ही प्लेटफार्म पर प्रवेश करने की अनुमति होगी। स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल–आरपीएफ के अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है।

.......................

सीकर के खाटूश्यामजी में भरने वाला फागुन लक्खी मेला 28 फरवरी से शुरू होगा। इसको लेकर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे है। वहीं मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेल्वे की ओर से विशेष रेलगाड़ियां चलाई जायेगी। उत्तर पश्चिम रेल्वे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि मेले के मद्देनजर रेलगाडियों में अतिरिक्त डिब्बे भी लगाये जायेंगे।

.......................

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में कल एक मैच में भारत ने बांग्लादेश को 6 विकेट से हरा दिया। दुबई में हुए मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 228 रन बनाये। जवाबी पारी में भारतीय टीम ने 47वें ओवर में आसानी से लक्ष्य को हासिल कर लिया। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने 5, हर्षित राणा ने 3 और अक्षर पटेल ने 2 विकेट लिये। शुभमन गिल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता में आज अफगानिस्तान का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। उधर महिला प्रीमियर क्रिकेट लीग में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। यह मैच बैंगलुरू में शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा।

.......................